## सार-समाचार

### ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन

**राजसमंद, (निसं)।** सेवा पखवाड़ा-2025 के तहत ग्राम पंचायत नरदास का गुड़ा में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का निरीक्षण जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा एवं जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजमोहन बैरवा द्वारा किया गया। विकास अधिकारी गुलाब गुर्जर ने बताया कि जिला कलक्टर ने शिविर में पहुंचते ही सर्वप्रथम ई-मित्र काउंटर का अवलोकन किया तथा संचालकों से दिनभर किए गए कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इसके पश्चात उन्होंने प्रत्येक विभागीय काउंटर का निरीक्षण करते हुए विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों से शिविर में सम्मिलित विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली तथा उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में की जा रही प्रगति को और अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा सभी विभागीय कार्यों की प्रगति को ग्रामीण सेवा सिविल पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज कराया जाए। शिविर के दौरान जिला कलक्टर द्वारा 10 आवासीय पट्टों, 10 मंगला पशु बीमा पॉलिसियों, 02 प्रधानमंत्री फसल बीमा पॉलिसियों, 06 सॉइल हेल्थ कार्ड तथा 02 टीबी मरीजों को पोषण किट का वितरण किया गया।

### पोस्टर का विमोचन

**राजसमंद, (निसं)।**पीपली आचार्यान ग्राम पंचायत एमड़ी के गांव नांदोली में चारण माता मन्दिर के स्वर्ण कलश प्रतिष्ठा एवं श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन गुरुवार को बार एसोसिएशन राजसमंद के अध्यक्ष रामलाल जाट में किया।। गांव के कैलाश पूर्बिया ने बताया कि आगामी 26 अक्टूबर से 2 नवंबर तक आयोजित महोत्सव इमें बहुत सारे साधु संत पधारेंगे जिनके द्वारा कलश की स्थापना की जाएगी। कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन बार अध्यक्ष जाट के साथ ही पारस बुआ की ओर से भी किया गया। इस दौरान जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष मोहन कुमावत, पार्षद चम्पालाल कुमावत, पूर्व पार्षद खुशकमल कुमावत, टु व्हीलर मेकेनिकल एसोसिएशन, बालाजी महाराज मित्र मंडल (बजरंग चौराया), कांकरोली खाद्यान्न मंडल, टैक्स बार एसोसिएशन, आर्टिकल नक्शा घर एसोसिएशन एवं सर्राफा यूनियन के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### शिविर में 112 यूनिट रक्तदान

**मंडफिया, (निसं)।** भदेसर उपखंड क्षेत्र के आसावरा माता धार्मिक स्थल पर समता युवा संघ आसावरा माता एवं साधु मार्गी जैन संघ आसावरा माता के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में रिकॉर्ड 112 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ। समता युवा संघ आसावरा माता के अध्यक्ष रवि कुमार भंसाली एवं साधु मार्गी जैन संघ के अध्यक्ष अरुण कुमार पटवा ने जानकारी देते हुए बताया कि आचार्य श्री नानेश के स्मृति दिवस एवं आचार्य श्री रामेश के 26 वे आचार्य पधरोहण दिवस के अवसर पर पूरे भारतवर्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में आसावरा माता समता युवा संघ के द्वारा भी पहली बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में आसावरा माता सहित भदेसर, निकुंभ, चिकारड़ा, मंगलवाड, मंडफिया (सांवलिया जी) आदि क्षेत्र के युवा साथियों ने बढ़-चद कर हिस्सा लेकर रक्तदान शिविर में सहयोग किया।

### कांशीराम का परिनिर्वाण दिवस मनाय

**मंडफिया, (निसं)।** कपासन विधानसभा क्षेत्र के मंडफिया सांवरिया जी में बहुजन समाज पार्टी संस्थापक मान्यवर कांशीराम जी का 19वां परिनिर्वाण दिवस पुष्पांजलि अर्पित कर मनाया गया। बसपा जिला प्रभारी बालू नायक मोखमपुरा ने बताया कि सविधान निर्माता डॉ भीम राव अम्बेडकर जी के इतिहास को जिंदा कर लोगो तक पहुंचाने का काम मान्यवर काशीराम जी ने किया ओर बामसेफ डीएस फोर का गठन कर बहुजन समाज पार्टी बनाई। यूपी में कानून का राज लाए बहुजन को हुक्माराम बनने का अवसर मिला और नारा दिया वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा नहीं चलेगा। कार्यक्रम में बालू नायक मोखमपुरा, आरव नायक, सदाम हुसैन, बंशी सरगरा, अनिल कुमार नायक राजू नायक, विजय सिंह राव, महिला विंग पूजा नायक, आराध्या नायक सहित कई बहुजन समाज कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ

**कपासन, (निसं)।** ग्राम पंचायत गोरा जी का निंबाड़ा विद्यालय ठाांउड में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ मुख्य अतिथि ठाामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश पाराशर ने खेल को खेल की भावना से खेलने की जानकारी दी तथा प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति सदस्य शंभू लाल जाट ने खिलाड़ियों से चर्चा करते हुए बताया कि खेल में हार जीत दो पहलू है हारने वाले को सबक लेकर कड़ी तैयारी करनी चाहिए निराश नहीं होना चाहिए ग्रामीण मंडल महामंत्री एवं ग्रामीण मंडल कार्यक्रम संयोजक कैलाश सुखवाल ने कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का आभार ग्राम पंचायत निंबाहेड़ा संयोजक राज सुवालका ने अतिथियों का स्वागत किया तथा खेल प्रतियोगिता को सुचारू रूप से संपन्न करवाया इस अवसर पर सहसंयोजक सीपी जाट, बुत अध्यक्ष विष्णु सुथार विद्यालय प्राचार्य सुनीता बाघमार , विद्यालय स्टाफ ग्रामवासी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे। कार्यक्रम कासंचालन सविता पाराशर ने किया

### पालना गृहों का किया निरीक्षण

**बांसवाड़ा, (निसं)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला न्यायाधीश कौशल सिंह ने जिले में स्थित पालना गृहों का आकस्मिक निरीक्षण कर पालना गृहों की व्यवस्थाओं की जांच की। प्राधिकरण सचिव सिंह ने महात्मा गांधी चिकित्सालय परिसर स्थित पालना गृह का आकस्मिक निरीक्षण किया गया एवं पालना गृह की व्यवस्थाओं की जांच की गई।

# भारतीय ज्ञान परंपरा विश्व में अद्भुत : प्रो. सारंगदेवोत



भारतीय ज्ञान परम्परा पर आधारित प्रदर्शनी का प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत व अतिथियों ने शुभारंभ किया।

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान विद्यापीठ के संघटक लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के बी.ए.-बी.एड. एवं बी.एससी.-बी.एड. विभाग के विद्यार्थियों की ओर से भारतीय ज्ञान तंत्र आधारित थीम पर ड्रामा, आर्ट एंड एस्थेटिक्स की प्रदर्शनी का शुभारंभ कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर, प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग, डॉ. रचना राठौड, डॉ. बलिदान जैन, डॉ. अमी राठौड़ ने फीता काट कर किया।

प्रदर्शनी में चतुर्थ वर्ष के छात्र-अध्यापकों ने भारतीय संस्कृति, विज्ञान

■ **भारतीय ज्ञान परम्परा पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ**

और अध्यात्म के समन्वय को अपने रचनात्मक कार्यो के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जिसमें अष्टांग योग, मूल चक्र, पंचांग तिथि, तिलक के प्रकार और उनके प्रभाव, वेद चिन्ह, ओम् का महत्व, स्वस्तिक निर्माण पद्धति, दस महाविद्या एवं सोलह संस्कार जैसे विषयों को वैज्ञानिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से दर्शाया गया। साथ ही विद्यार्थियों ने मंडला आर्ट, क्विलिंग आर्ट, मिरर वर्क और हैंडमेड आर्टवर्क के माध्यम से भारतीय सौंदर्यबोध को दर्शाया गया। पर्यावरण संरक्षण के संदेश को साकार करते हुए विद्यार्थियों ने कॉटन बैग्स पर हस्तनिर्मित चित्रांकन कर 'पर्यावरण बचाओ' का संदेश दिया।

प्रो. सारंगदेवोत ने विद्यार्थियों का आव्हान किया कि भारतीय ज्ञान परम्परा विश्व में अद्भूत है इसे आने वाली पीढ़ी में रूपांतरित करने की जिम्मेदारी आप सभी की है। संयोजन डॉ. इंदु बाला आचार्य, डॉ. लक्ष्मण रेवाड़ी के निर्देशन में विद्यार्थियों के सहयोग से किया गया। इस मौके पर डॉ. भूरालाल श्रीमाली, डॉ. नीतू व्यास, डॉ. रजनी धाबाई, डॉ. अनुपम सुथार, डॉ. उषा शर्मा, नरपत सिंह चुंडावत, डॉ. इंदु बाला आचार्य, डॉ. लक्ष्मण रेवाड़ी, भारत कुशवाहा, कृष्णकांत कुमावत, यशवंत राव , महेश चंद्र पालीवाल, सवाराम डांगी सहित अकादमिक सदस्य मौजूद रहे।

### बैठक 16 को

**बांसवाड़ा, (निसं)।** माही बजाज सागर वृहद सिंचाई परियोजना के कमाण्ड क्षेत्र में रबी सिंचाई 2025-26 के लिए नहरी तंत्र में जल संचालन के लिये कार्यक्रम तय करने एवं जल वितरण तथा उपयोगिता से संबंधित विभिन्न कार्यकलापों पर विचार-विमर्श के लिए संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में माही बजाज सागर वृहद् सिंचाई परियोजना की जल वितरण तथा उपयोगिता समिति की बैठक 16 अक्टूबर को अपरान्ह 3.30 बजे टीएडी भवन सभागार कलेक्ट्रेट परिसर में होगी।

## चोरों ने नकदी व जेवरात चुराए

**डूंगरपुर, (निसं)।** शिवाजी नगर में एक सरकारी शिक्षक के घर बुधवार को दिन दहाडे चोरी की वारदात हुई। चोरों ने घर से 2.20लाख रुपए नकद और करीब 2.50 लाख रुपए के जेवर चुरा लिए। घटना का पता शाम को चलाए जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार शिवाजी नगर भू जल विभाग के पीछे रहने वाले उमेश त्रिवेदी सरकारी शिक्षक हैं और उनकी ड्यूटी डूंगरपुर एसडीएम कार्यालय में है। बुधवार को उमेश अपनी ड्यूटी पर थे, उनकी पत्नी एक निजी स्कूल में पढाने गई थीं, और बच्चे भी स्कूल गए हुए थे। दोपहर में कुछ देर के लिए घर आने के बाद उमेश वापस एसडीएम कार्यालय चले गए थे।इसी दौरान,सूने घर में चोर छत के रास्ते से दरवाजा खोलकर अंदर घुसे। चोरों ने अलमारी तोडकर उसमें रखे 2 लाख 20 हजार रुपए नकद और 2 तोला सोने के जेवर चुरा लिए। शाम को उमेश के घर लौटने पर उन्हें अलमारी खुली मिलीए जिससे चोरी का पता चला। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग जमा हो गए। कोतवाली थाने से एएसआई अशोक कुमार जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस अब आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पडोसियों ने कुछ नकाबपोश युवकों को इलाके में घूमते देखा था, जिसके आधार पर पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

# पाहेर विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का समापन



फोटो-1 पाहेर विवि में अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में प्रोफेसर, वैज्ञानिक तथा शोधार्थियों ने भाग लिया।

**उदयपुर, (कासं)।** पाहेर विवि, उदयपुर के स्नातकोत्तर अध्ययन एवं रसायन विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस सतत विकास में रसायन विज्ञान की भूमिका का समापन हुआ। सम्मेलन में देश-विदेश के वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों तथा शोधार्थियों ने भाग लिया और रसायन विज्ञान के विविध आयामों पर अपने

■ **अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंसः देश-विदेश के 300 से अधिक प्रोफेसर, वैज्ञानिक तथा शोधार्थियों ने भाग लिया**

अनुसंधान प्रस्तुत किए।

समापन सत्र में सोमैया विद्याविहार विवि, मुंबई के कुलपति प्रो. वी. एन. आर. पिल्लई उपस्थित रहे। पाहेर विवि के कुलपति प्रो. हेमंत कोठारी तथा विज्ञान एवं तकनीकी संकाय के अध्यक्ष प्रो. दिलेन्द्र हिरन ने भी सम्मेलन को संबोधित किया और सतत विकास में रसायन विज्ञान के योगदान पर अपने विचार साझा किए।

कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन मॉरिशस से आए प्रसिद्ध वैज्ञानिक प्रो. रामास्वामी ने एसडीजी प्राप्त करने में प्रायोगिक अनुसंधान को पूरक करने हेतु संगणनात्मक रसायन विज्ञान की भूमिका पर विशद प्रस्तुति दी। गोवा विवि की प्रो. प्रीतम बोरकर ने धातु डोपिंग स्वच्छ ऊर्जा एवं पर्यावरणीय अनुप्रयोगों के लिए बहु-कार्यात्मक नैनोमैटेरियल्स का एक मार्ग विषय पर अनुसंधान साझा किए। गुजरात की पाटन विवि की प्रो. संगीता शर्मा ने भारतीय ऋषियों की रासायनिक विज्ञान में स्वदेशी ज्ञान प्रणाली की भूमिका पर व्याख्यान दिया, जबकि चेन्नई से आए प्रो. एस. रविचंद्रन ने हरित रसायन शास्त्र के माध्यम से पर्यावरणीय सततता विषय पर प्रेरणादायक प्रस्तुति दी।

## सार-समाचार

### पंच गौरव की समीक्षा बैठक आयोजित

**राजसमंद, (निसं)।** जिला स्तरीय पंच गौरव समिति की द्वितीय त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन गुरुवार को जिला कलक्टर श्री अरुण कुमार हसीजा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में समिति के सदस्य सचिव एवं उप निदेशक, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग डॉ. पीयूष कुमार भंडारी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा राजसमंद जिले को पंच गौरव कार्यक्रम के तहत चयनित पाँच गौरवों जैसे-वनस्पति प्रजाति नीम, खेल हॉकी, उपज सीताफल, उत्पाद ठोनाइट एवं मार्बल, तथा पर्यटन स्थल कुंभलगढ़ हेतु बजट जारी किया गया है। इन पांचों गौरवों के प्रचार-प्रसार के लिए जिले को कुल 25 लाख रुपये (प्रति गौरव 5 लाख रुपए) की राशि स्वीकृत की गई है। बैठक में पंच गौरव कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन, बजट उपयोगिता एवं आगामी कार्ययोजना पर विभिन्न विभागाध्यक्षों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान जिला कलक्टर एवं समिति अध्यक्ष श्री अरुण कुमार हसीजा द्वारा दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।नीम के औषधीय गुणों एवं बहुपयोगी लाभों के बारे में आमजन को जागरूक करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा जिले में अधिकाधिक नीम पौधों के वितरण एवं रोपण के लिए वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को निर्देशित किया गया। कुंभलगढ़ दुर्ग की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत की जानकारी पर्यटकों तक सहजता से पहुँचाने के लिए क्यूआर कोड आधारित निशुल्क मोबाइल ऑडियो गाइड प्रणाली विकसित करने तथा टिकट बुकिंग केंद्र के पास पर्यटक सहायता कियोस्क स्थापित करने के निर्देश पर्यटन विभाग एवं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को दिए गए।

### आरोपी को आजीवन कारावास

**कपासन, (निसं)।** कपासन में अपर सेशन न्यायाधीश डॉ. महेंद्र सोलंकी ने सात साल पुराने हत्या के एक मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषी पर 50 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। यह मामला राशमी थाना क्षेत्र के गांव करजई से जुड़ा है। घटना 18 सितंबर 2018 की शाम की है, जब नानूराम पुत्र देवीलाल नायक, भेरूलाल पुत्र घीसा नायक और रतनलाल पुत्र ओंकार लाल ढोली एक साथ बैठे बातें कर रहे थे। बातों-बातों में रतनलाल ने भेरूलाल के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब भेरूलाल ने इसका विरोध करते हुए पूछा कि वह बेवजह गाली क्यों दे रहा है, तो रतनलाल उत्तेजित हो गया। इतना सुनते ही रतनलाल ने जान से मारने की नीयत से चाकू से भेरूलाल पर हमला कर दिया। उसने भेरूलाल के कंधे के पास सीने पर वार किया। नानूराम ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन रतनलाल ने दूसरा वार भी किया, जिसे भेरूलाल ने चाकू पकडकर रोका। इस हमले में भेरूलाल गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। उसे तुरंत पंहुना अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे भीलवाड़ा रेफर कर दिया गया। भीलवाड़ा में इलाज के दौरान भेरूलाल ने दम तोड़ दिया।

### विश्व डाक दिवस मनाया

**बांसवाड़ा, (निसं)।** अंकुर शिक्षण संस्थान में विश्व डाक दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को डाक विभाग के महत्व और उसकी कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने डाकघर का भ्रमण कर कार्यप्रणाली को नजदीक से समझा वहीं पत्र भेजने, पार्सल बुकिंग, मनीऑर्डर, स्पीड पोस्ट आदि प्रक्रियाओं को प्रत्यक्ष रूप से देखा और कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त की। विद्यालय प्राचार्य ने बताया कि डाक विभाग देश के कोने-कोने को जोड़ने वाला एक सशक्त माध्यम है। विद्यार्थियों ने पोस्टर बनाकर, भाषण देकर और प्रश्नोत्तरी में भाग लेकर इस दिवस को सार्थक बनाया। डाकघर के अधिकारी मनमोहन मीणा व मनोज सिंह झाला ने बताया कि डाक विभाग हमारे संचार तंत्र की रीढ़ है। हमें पत्र लेखन की सुंदर परंपरा को जीवित रखना चाहिए और डाक सेवाओं का सम्मान करना चाहिए।

### यात्रियों को धमकाने वाला गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** दोवड़ा थाना पुलिस ने डूंगरपुर से इंदौर जा रही एक ट्रैवल्स बस को रुकवाकर यात्रियों को धमकाने वाले ईको कार ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर बस यात्रियों को हथियारों से डराया और शराब पीने के लिए पैसे मांगे थे। पुलिस अब उसके अन्य साथियों की तलाश कर रही है। यह घटना मंगलवार देर शाम डूंगरपुर-आसपुर मार्ग पर पुनाली घाटा में हुई। अन्नपूर्णा ट्रैवल्स की बस डूंगरपुर से इंदौर जा रही थी, तभी ईको कार सवार बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में बस को ओवरटेक कर रोक लिया। कार में सवार करीब सात से आठ युवक हाथों में लाठी और तलवार लेकर नीचे उतरे। बदमाशों ने बस में सवार यात्रियों को लाठी और हथियारों से डराया और शराब पीने के लिए पैसे मांगे। हालांकि, यात्रियों के शोर मचाने और हल्ला करने पर बदमाश अपनी ईको कार में सवार होकर मौके से फरार हो गए थे। दोवड़ा थाना एसआई ने बताया कि करण सिंह पुत्र दौलत सिंह डाबी ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। करण सिंह अन्नपूर्णा ट्रैवल्स के मैनेजर हैं। बस चालक देवकुमार मीणा ने बताया कि उनकी बस प्रतिदिन डूंगरपुर से इंदौर जाती है। पुलिस ने ईको कार के नंबर के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरू की। जांच के बाद पुलिस ने कार चालक सोहनलाल उर्फ सोहन पुत्र शंकर परमार निवासी कांकरी को गिरफ्तार कर लिया। सोहन ने अपने साथियों के नाम भी बताए हैं, जिनकी तलाश में पुलिस टीमें जुटी हुई हैं।

### मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

**बांसवाड़ा, (निसं)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ, एवं गृह-विज्ञान विभाग की ओर से छात्राओं की रचानात्मकता को प्रोत्साहित करने के लिए मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसमें साधना मीणा बीएससी तृतीय सेमेस्टर, कनिश्का सुथार बीए प्रथम सेमेस्टर, गायत्री बीएससी सेमेस्टर पांच ने क्रमषः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# रामकथा में राम नाम के तैरते पत्थरों के दर्शन कर भाव विभोर हुए श्रद्धालु



फोटो-4रामकथा में राम नाम के तैरते पत्थरों के दर्शन कर भाव विभौर हुए श्रद्धालु।

**उदयपुर, (कासं)।** हिरण मगरी सेक्टर 14 स्थित रुद्रेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण जेके ब्लॉक में संगीतमय रामकथा के सातवें दिन विविधि प्रंसगों का श्रवण करवाया।

कथा में पुष्करदास महाराज एवं रुद्रेश्वर महादेव विकास समिति के महेश त्रिवेदी,जमनालाल पालीवाल, नवीन राव, मनोज भट्ट, जगदीश व्यास, प्रवीण सिंह, पुष्पेंद्र शर्मा, मंजू कुंवर कृष्णा भाटी, गोविंद सिंह, राहुल सिंह सभी सदस्यों ओर भक्तों द्वारा राम सेतु में जिन तेरते पत्थरों को उपयोग में लिया था उसी में से दो पत्थर कथा प्रांगण में

■ **रामकथा के सातवें दिन विविधि प्रंसगों का श्रवण करवाया**

पानी में छोडे गए और पत्थर तैरने लगे । सभी भक्तों ने राम नाम की जयकार लगाई, रामकथा में सातवें दिन महाराज ने कहा जब सेतु बंध बनाया जा रहा था तब सभी वानर सेना पत्थरों को समुद्र में डाल रहे थे । भगवान राम ने सोचा मेरे नाम से पत्थर तेर रहे हे तो एक पत्थर में भी पानी में डालू, प्रभु ने पत्थर पानी में छोडा और वो तो डूब गया । पीछे हनुमान जी खडे थे भगवान राम ने हनुमान जी से पूछा मेरा नाम लिख कर पत्थर समुद्र में छोडे जा रहे हे और वो तेर रहे ओर मेने पत्थर पानी में छोडा तो वो डूब क्यूं गया हनुमान जी ने प्रभु के प्रश्न का जवाब देते हुए कहा भगवन आपके नाम से सभी तर जाते हैं और आप इस जीवन रूपी सागर से जिसको छोडते है वो तो इस भवसागर में डूबेगा ही डूबेगा।

आगे कहा भगवान राम के आदर्श को अपनाना है, भगवान राम बाल्य काल से ही माता, पिता, गुरु जनों को प्रणाम करते है आदर देते है। रामायण से यही सीख लेनी चाहिए हमें भी अपने बच्चों को संस्कार देने चाहिए। बच्चे माता, पिता को झुके, बहु सास, ससुर को प्रणाम करे, तभी घर घर में शांति प्राप्त होगी। हम जो भी सांस ले रहे, मुख से वाणी बोल रहे सब प्रभु की बदौलत है । सभी को समय मिला है समय का सदुपयोग करते हुए दान,पुण्य, तीर्थ, दर्शन, कर लेवे। समय चूक जाने के बाद कुछ भी करे उसका परिणाम नहीं आएगा। दीपक का अर्थ बताते हुए महाराज ने कहा जिस तरह मंदिर में दीपक की ज्योत जलती है उसी तरह हमारे घट में भी दीपक के प्रकाश की तरह उजाला होना चाहिए। परमात्मा की कृपा की बारिश तो सभी जगह बरस रही है जिसने अहंकार की छतरी ओढ रखी है वो इस बारिश में भीग नहीं सकता । विठ्ठल वैष्णव ने बताया कि गुरुवार को कथा में अतिथि भाजपा जिला उपायुक्त करणसिंह शक्तावत,पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपक बोल्या, कन्हैया वैष्णव, पूर्व पार्षद चंद्रकला बोल्या, पूर्व महामंत्री हेमंत त्रिवेदी उपस्थित रहे।

### 'प्रतिभाओं को मंच देने की जरूरत'

**बांसवाड़ा, (निसं)।** जिला स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का समापन कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पीठ में सांसद राजकुमार रोत मुख्य आतिथ्य में हुआ। रोत ब्लॉक सीमलवाड़ा पहुंचकर कार्यकर्ताओं से मिले। इस दौरान उनका भव्य स्वागत किया। इसके उपरान्त सांसद रोत कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पीठ में आयोजित जिला स्तरीय खेल समापन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। विद्यालय प्रवेश द्वारा पर समस्त पीठ वासियों व विद्यालय स्टाफ ने भव्य स्वागत कर सांसद रोत का आभार जताया। विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। सांसद रोत ने कहा कि हमारे यहां प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है बस जरूरत है उन्हें उचित मंच देने की। साथ ही खेल और संस्कृति हमारे समाज की पहचान हैं और छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों में भी समान रूप से भाग लेना चाहिए। उन्होंने विजेता छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे भविष्य में जिले का नाम रोशन करें। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर समस्त शिक्षक, विद्यालय स्टाफ, बीसीसी प्रभारी कमलेश डिंडोर, जिला सदस्य जीवा भाई, मण्डल अध्यक्ष गणेश अहारी, पंचायत समिति सदस्य तेजल अहारी, हितेश पारगी, राजू दामा, शांतिलाल रोत, ईश्वरलाल रोत, हरीश कटारा, मण्डल अध्यक्ष वीरेंद्र नानोमा, मगन खराड़ी, शांतिलाल, उपसरपंच धुलेश्वर अहारी, पंकज भाई, अमृत

# कपासन में हाईकोर्ट के आदेश पर अवैध निर्माण हटाया



कपासन में हाईकोर्ट के आदेश पर पुलिस जाप्ता व जेसीबी मशीन द्वारा अवैध निर्माण हटाया।

**कपासन, (निसं)।** कपासन में गुरुवार को राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेश पर एक अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। यह कार्रवाई एक पारिवारिक संपत्ति विवाद से संबंधित थी, जिसमें कोर्ट के स्टे आदेश के बाद भी टीनशेड लगाकर रेस्टोरेंट वाले को किराये पर दे दिया था। साथ ही किराये पर दी गई दुकान को भी खाली करवाकर पूर्व की यथास्थिति में लाया गया।

यह मामला कपासन के पांच बत्ती चौक, रामद्वारा चौक क्षेत्र का है। लक्ष्मीनारायण व्यास की पैतृक संपत्ति पर पारिवारिक बंटवारे का विवाद लंबित है। राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर ने इस विवाद पर 10 फरवरी 2021 को स्थगन आदेश जारी किया था।हालांकि, स्टे आदेश के बावजूद श्यामा देवी और उनके परिजनों द्वारा उस संपत्ति पर अवैध निर्माण कार्य कराए जाने की शिकायत अदालत में पहुंची। उच्च न्यायालय ने इसे अपने आदेश की अवमानना माना और लक्ष्मीनारायण व्यास बनाम श्यामा देवी व अन्य अवमानना याचिका में निर्णय सुनाया।अदालत ने 23 सितंबर 2025 को आदेश जारी करते हुए याचिका कर्ता सहित चित्तौड़गढ़ जिला पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए थे। इन निर्देशों में याचिकाकर्ता के आवेदन पर स्थगन आदेश के बाद किए गए सभी अवैध निर्माणों को ध्वस्त करने और कार्रवाई की रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत करने को कहा गया था। पुलिस बल की एक दिन की राशि 2,07,506 रुपए लक्ष्मीनारायण व्यास द्वारा पुलिस कार्यालय में जमा करवाई गई थी। आज गुरुवार को पुलिस जाप्ते ने इन आदेशों की पालना करते हुए कार्रवाई की। 2021 के स्टे आदेश के बाद हुए निर्माण को जेसीबी की सहायता से ध्वस्त कर दिया गया।

